हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 23 मार्च 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL

(UNDER THE AEGIS OF DELHI WORLD FOUNDATION NEW DELHI)

Education is the key to **Success...**

CHARODA BHILAI

संस्कार एवं विश्वस्तरीय शिक्षा साथ-साथ

Cordially Welcomes Your Presence at the

Grand Inauguration

SUNDAY **23** MARCH 2025 AT 3:00 PM

AT DWPS, CAMPUS , NEAR SAI TEMPLE, OPP. SOLAR POWER PLANT, CHARODA BHILAI

in the Presence of

CHIEF GUEST

SHRI VIJAY BAGHEL JI

HONBLE MEMBER OF PARLIAMENT, DURG LOKSABHA

PRESIDING GUEST

SHRI DOMANLAL KORSEWADA JI

HONBLE MEMBER OF LEGISLATIVE ASSEMBLY C.G. (AHIWARA)

GUEST OF HONOUR

SMT. MEENA VERMA

CHAIRMAN MUNICIPAL COUNCIL, KUMHARI

100% Admission Fee Waiver

GJ Advertisers 9179 00 9179

ADMISSION OPEN 2025-26 CLASS NURSERY – VII

R.S.V.P.

Gurubax Singh Chhabda
Chairman

Prabhu Dayal Sharma
Director

5th DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL IN CHHATTISGARH, OUT OF 101 SCHOOLS PAN INDIA

SUNDAY OPEN

DWPS CHARODA BHILAI IS A PROPOSED CBSE SCHOOL UPTO 12th STANDARD, CURRENTLY STARTING FROM GRADE NUR-VII FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26.

Call : 91091 20399, 91091 60399

CITY OFFICE : NEAR APOLLO PHARMACY, MAIN MARKET, CHARODA - BHILAI

SCHOOL CAMPUS : NEAR SAI TEMPLE, OPP SOLAR PLANT, CHARODA - BHILAI

www.dwpsbhilai.com Info@dwpsbhilai.com



Location Map

खबर संक्षेप

ग्रीन चौक तक रोप लाइट लगाने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ मंच ने पुराना बस स्टैंड से शिवम मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल पर किए गए प्रकाश व्यवस्था का स्वागत करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर श्रीमती अल्का बाघमार से पुराना बस स्टैंड से ग्रीन चौक तक ट्यूबलर पोल पर रंगीन रोप लाइट लगाने की मांग की है। उक्त रोप लाइट लगने से इसकी सुंदरता और भी बढ़ जाएगी। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल एवं हरीश सोनी शामिल हैं।

जिला अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने की मांग

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में पुलिस चौकी संचालन करने की मांग को लेकर जीवन समिति के सदस्यों ने गृह और प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को मांग पत्र सौंपा। समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर और सीता राम ठाकुर ने मांग पत्र में बताया कि जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग में रात्रिकालीन समय चिकित्सक और कार्मिकों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। कई वार्ड में अवांछित व्यक्तियों का भी जमावड़ा लगा रहता है। विगत कई माह पूर्व रात्रिकालीन ड्यूटी में कार्यरत नर्स के साथ उपचार कराने आए व्यक्ति द्वारा अभद्र व्यवहार का मामला भी सामने आया था। इसी तारतम्य में जिला चिकित्सालय में यथा शीघ्र पोलिस चौकी की मांग की गई है। ताकि चिकित्सा सेवा बिना दबाव और भय के हो सके।

सहायिका के लिए आवेदन 24 तक

दुर्ग। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के सिकोला बस्ती वार्ड क्र 16 में संचालित पालना केन्द्र में सहायिका पद पर भर्ती के लिए 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी महिला एवं बाल विकास विभाग पांच बिल्डिंग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक आमंत्रित दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र डबरापारा अ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 में नगर पालिक निगम भिलाई चरोद में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 से प्राप्त जानकारी अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र डबरापारा अ के नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा वार्ड क्रमांक 12 केन्द्र क्रमांक डबरापारा-1 में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती की जानी है।

जमीनी नेताओं की अनदेखी से फूट रहा गुस्सा, दिख रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी है।

कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल की ओर से सूची जारी होने के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। पूर्व में जोगी कांग्रेस के घराना में रहते हुए प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल का पुतला दहन करने वाले नेता को संगठन की जिम्मेदारी दिए जाने से जमीनी स्तर के नेता नाराज हो गए है। बल्कि उनके द्वारा खुलकर दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष का विरोध किया जा रहा हैं।

ऐसा माना जा रहा था कि, कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा सहित नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद भी सीख लेगी। लेकिन ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ज्यादा तकरार की स्थिति निर्मित हो गई हैं। ऐसी स्थिति में अपनो को साधना कांग्रेस के लिए चुनौती होगी। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर पूर्व में जोगी कांग्रेस में रहते हुए प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल का पुतला जलाया था। बताया जाता है कि, राकेश ठाकुर की राजनीतिक कसक पाटन से शुरू हुई थी। वे पाटन के धौराभांठा गांव के रहने वाले है। कहा तो ये भी जा रहा है कि, वे भूपेश बघेल के करीबी रहे हैं। लेकिन राजनीतिक के जानकार इसे सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रदेश के बडे नेताओं की अनदेखी और नुकसान की बात कह रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि, ज्यादातर वे रायपुर में ही रहे हैं। जोगी कांग्रेस में रहते हुए कांग्रेस का उनके द्वारा विरोध किया जाता है, लेकिन कांग्रेस प्रवेश के बाद उन्हें हाथों हाथ भी लिया गया। वे छग अपेक्स बैंक में डायरेक्टर की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वही जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति और किसान नेता भी रहे हैं। वर्तमान में उन्हे ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के साथ ही अब उनके पुराने कार्यकाल की भी खूब चर्चा होने लगी हैं। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहु ने कहा है कि, फैसला राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर से की गई हैं। आलाकमान का निर्णय सर्वोपरी हैं।

कांग्रेस ने की दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति

नए सिरे से होगी समीक्षा

पिछले चुनाव में कांग्रेस की छग में बेहद खराब प्रदर्शन रही है। यही कारण हैं कि, जिले में तो नही लेकिन आला कमान ने इसे गंभीरता से लिया हैं और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जा रही हैं। हाल ही में छग के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने संगठनात्मक बदलाव के संकेत दिए थे। खबर है कि ग्रामीण के साथ ही शहर संगठन में भी बदलाव हो सकती है। आगामी दिनों जिलाध्यक्षों से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चर्चा करेगें।

सोशल मिडिया में इस तरह की नाराजगी

दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष की सूची जारी होने के बाद संगठन के नेता अपनी नाराजगी सोशल मिडिया के जरिए बयांन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता और दुर्ग ग्रामीण विधायक के दावेदार रहे जयंत देखमुख का कहना है कि, यह जमीनी नेताओं की तौहिन हैं। उन्होने कहा रायपुर में रहने वाले बाहरी नेता को जिम्मेदारी देने से उर्जावान कार्यकर्ता निराश है। धर्मेश देशमुख ने सोशल मिडिया में लिखा हैं कि, पूर्व में कांग्रेस में रहते हुए टीम बी के रूप में काम किया हैं। इस तरह अलग-अलग नाराजगी सामने आ रही हैं।

अनियमितता : साल के टैक्स की वसूली में 12 करोड़ रूपए का अंतर

निगम के राजस्व वसूली ने खोली स्पैरों के घोटाले की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्पैरों कंपनी ने निगम के खजाने को किया खोखला

पिछले सात सालों तक नगरनिगम के खजाने में सेंघ लगाकर स्पैरों कंपनी ने जमकर आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया हैं। पिछले साल साल में स्पैरों कंपनी की वसूली 18 करोड तक रही हैं। लेकिन टैक्स वसूलने की जिम्मेदारी निगम को मिलने पर अब तक तीस करोड रूपए से अधिक की वसूली हो चुकी हैं। इससे स्पष्ट है कि, स्पैरों कंपनी ने शहर से निगम को मिलने वाले खजाने पर जमकर सेंध लगाई और लाखों लाखों नही बल्कि करोडों रूपए का वारा न्यारा किया हैं।

वर्ष 2023 में टैक्स वसूली का अनुबंध समाप्त होने के बाद इस साल 2024 में वसूली नगरनिगम के अधिकारी कर रहे हैं। इस साल अब तक हुए टैक्स वसूली की माने तो 12 करोड रूपए से अधिक का अंतर सामने आया है। राजस्व वसूली के दौरान इस तरह करोडों रूपए के अंतर आने से निगम प्रशासन के अफसरों के भी होश उड गए है। निगम के राजस्व वसूली ने ही स्पैरों कंपनी के घोटाले की पोल खोलकर रख दी है। इससे पहले स्पैरों कंपनी पर कई आर्थिक अनियमितता के आरोप लग चुके हैं।

रोज पचास लाख रूपए हो रहे जमा

राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने बताया कि, नगरनिगम को तीस करोड रूपए का टारगेट मिला था। जिसमें अब तक वसूली पूरी हो गई है। इसलिए पांच करोड रूपए 31 मार्च के पहली वसूली का टारगेट रखा गया है। उन्होने बताया कि, रोजाना पचास लाख रूपए राजस्व जमा हो रहा हैं। उन्होने बताया कि, पहली बार निगम के खजाने में इतनी राशि जमा हुई हैं। उन्होने माना कि, कंपनी ने संपत्तिकर के असेसमेंट और डिमांड जारी करने में लापरवाही बरती थी।

सात साल में करोड़ों का निगम को नुकसान

रांची की स्पैरों कंपनी से नगरनिगम द्वारा वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक टैक्स वसूलने एग्रीमेंट किया गया था। बहरहाल वर्ष 2023-24 के राजस्व वसूली में 12 करोड रूपए का अंतर आया हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि, कंपनी ने सात सालों में नगरनिगम को हर साल करोडों रूपए का राजस्व नुकसान पहुंचाया गया हैं। जिसकी लिखित शिकायत भी हुई है। लेकिन निगम प्रशासन ने कंपनी पर पर्दो डालने का काम किया है। जबकि यह सीधे आर्थिक अनियमितता हैं।

आप पार्टी ने भी की लिखित शिकायत

स्पैरों कपंनी द्वारा किए गए टैक्स घोटाले की शिकायत आप पार्टी के नेताओं ने भी कई बार लिखित तौर पर एक नही कई बार की है। जिसमें विगत 12 अक्टुबर 2023 को वार्ड तीस में एम सांई एंड कंपनी के संपत्तिकर एसेसमेंट में गडबडी की गई। इसमें वर्ष 2019-20 में निगम ने 2613 वर्गफीट की जमीन पर 60900 रूपए पर्ची कांटे, लेकिन वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक सिर्फ 44184 रूपए की पर्ची कांटी गई। दूसरा केश पुलगांव स्थित टोबैको कंपनी की हुई थी। जिसमें भी शिकायत सही पाए जाने पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। इस तरह आधा दर्जन की शिकायत की गई हैं।

इस तरह की भी मिली थी शिकायत

नगरनिगम द्वारा विगत अक्टुबर माह में शिविर लगाया गया था। निगम ने जब टैक्स वसूली किया तो करदाताओं ने कंपनी द्वारा रसीद नही देने की शिकायत की थी। ऐसे में निगम ने शिविर लगाया था। उस शिविर में शिकायत लेने के बजाय कर्मचारियों को निगम में बैठाकर टैक्स का सेंटलमेंट भी किया जा रहा है। इसका फायदा उठाकर कंपनी अपनी गलती सुधार रही थी। विगत 25 अक्टूबर को सामान्य सभा में बाजार विभाग के प्रभारी ऋषभ जैन ने इस मामले को उठाया था।

करोड़ों का अंतर

स्पैरों कंपनी और निगम के राजस्व वसूली में करोड़ों रूपए का अंतर आया हैं। शिकायत मिलने पर कंपनी से राशि वसूली की जा रही हैं। फिर से कंपनी को नोटिस जारी किया गया हैं।
-आरके बोरकर, राजस्व अधिकारी दुर्ग

टैक्स वसूली में खेल, 75 हजार कम की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्पैरों कंपनी की काली छाया जाने के बाद ऐसी संभावना थी कि निगम में टैक्स वसूली ढर्रे पर आ जाएगा। लेकिन यहां निगम के अधिकारी खजाने में पलीता लगाने से नही बच रहे हैं। वार्ड 25 गायत्री मंदिर में करदाता नेमीचंद नाहर से निर्धारित टैक्स की राशि में 75 हजार रूपए कम कर दिया गया। इसकी जानकारी सामने आने के बाद राजस्व अधिकारी ने फिर से संपत्ति निर्धारण के निर्देश दिए हैं।

- संपत्ति का पुन: गणना किया जाएगा

निगम के अधिकारियों का कहना हैं कि, इसका निर्धारण पूर्व में स्पैरों कंपनी द्वारा किया गया था। जानकारी अनुसार वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड, दुर्ग स्थित स्वरूप टॉकिज का सम्पत्ति करारोपण पूर्व में स्पैरो सॉफ्टेक प्रा० लि० द्वारा किया गया था। स्पैरो सॉफ्टेक प्रा० लि० द्वारा इस कार्यालय को प्रदत्त एक्सेल सीट में भूमि 25200 वर्गफुट दर्शाया गया हैं। लेकिन 10188 वर्गफुट भूमि, 10188 वर्गफुट निर्मित भूतल एवं 3050 वर्गफुट निर्मित प्रथम तल पर ही सम्पत्ति कर राशि 1 लाख 15226 रूपये अधिरोपित किया गया हैं, जिसे गलत और त्रुटिपूर्ण पाया गया हैं। जबकि 25200 वर्गफुट भूमि पूरी व्यवसायिक एवं उस पर निर्मित भूतल एवं प्रथम तल क्षेत्रफल की गणना करने पश्चात राशि 1 लाख 90211 रूपये सम्पत्ति कर अधिरोपित होता हैं। गडबडी मिलने के बाद सम्पत्ति कर पुनः निर्धारण किया जाना हैं। करदाता को कहा गया था कि, 12 मार्च 2025 को अपने भवन का समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित रहेंगे। ताकि आपके समक्ष उक्त भवन का फिर से नाप के आधार पर सम्पत्ति कर पुनः निर्धारण किया जा सके।

लगातार सामने आ रही गड़बड़ी

वार्ड 26 के मुहर्रिर अनिल कलिहार बताए जा रहे हैं। उनके द्वारा 75 हजार रूपए कम का डिमांड जारी किया गया था। इसकी जानकारी राजस्व अधिकारी आरके बोरकर के समक्ष सामने आने के बाद उन्होने फिर से संपत्ति निर्धारण के निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि, दुबारा कर निर्धारण करने कहा गया हैं।

रविवार को भी टैक्स काउंटर खुला रहेगा

दुर्ग। सहायक राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक वार्डो में वसूली का कार्य कर रहे है। बकाया टैक्स पटाने सैकड़ो की संख्या में रोजाना बकायादार पहुंच रहे हैं निगम के टैक्स काउंटर पर। माना जा रहा है कि, मार्च के आखिरी दिनों तक लक्ष्य की पूर्ति की जा सकेगी। टैक्स वसूली का कार्य शनिवार और रविवार भी टैक्स वसूली का काम चालू रहेगा।

जेसीबी से वार्ड 21 का हटाया गया अतिक्रमण, शिकायत पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड क्रमांक 21 सिंधिया नगर, हनुमान नगर से लेकर अन्य जगहों पर तक 30 फुट की सड़क अतिक्रमण के कारण आधी रह गई थी। किसी ने सड़क पर दुकान रख ली थी तो किसी ने चबूतरा या

- 30 फीट की सड़क रह गई थी 15 फीट की

सीढ़ियां व नाली के ऊपर गार्डन बना लीं थीं। जिससे आवागमन में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। इस संबंध में नागरिकों ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं निगम के अधिकारियों को सूचित किया। मामला संज्ञान में आने के बाद नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने वार्ड क्रमांक 21 से अभियान चलाकर करीब 40-

45 से अधिक अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त किया। लोगो ने नगर निगम के अधिकारियों को पूर्व में सिंधिया नगर, हनुमान नगर सहित क्षेत्र से लेकर अन्य जगहों तक नालियों पर स्थायी निर्माण कर लिए जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर नगर निगम के अधिकारियों ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। इस पर नगर निगम ने अतिक्रमण को हटाने लिए अमला पहुंची।
निगम के जेसीबी ने लोगों द्वारा अपने घरों एवं दुकानों के सामने बनाए गए चबूतरा, गार्डन, तार फेंसिंग, चबूतरा एवं दुकान आदि हटाए। पूर्व पार्षद अरुण सिंह द्वारा नगर निगम प्रशासन से उल्लेखित स्थल से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग काफी पहले ही की गई थी।

पूर्व पार्षद अरुण सिंह द्वारा नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया था कि लोगों के द्वारा नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण की वजह सेए नालियों की सफाई भी नहीं हो पाती है। अपने मकान सीमा के आगे ज्यादा घेरे है उस पर कार्यवाही होना तय है। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साफ़ निर्देश दिया है कि सड़क सीमा पर अतिक्रमण पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। सड़क चौड़ीकरण होंगे। कार्रवाही के दौरान बाधा डालने वालों पर कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

पंजीयन शिविर 31 तक

दुर्ग। बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। यह जानकारी देते हुए पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दुर्ग जोन के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डेय, ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में 11 से 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा। अभ्यार्थी इस शिविर में उपस्थित होकर आवेदन हेतु निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई. डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित शिक्षा या उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो। आवेदक हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी शासकीय सेवा में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय सेवा में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 08 लाख से अधिक न हो।

ट्रेंचिंग ग्राउंड में ट्रामेल मशीन स्थापित वैज्ञानिक पद्धति से होगा कचरे का निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पोटिया स्थित टेंचिंग ग्राउण्ड में 80 प्रतिशत कचरो का निष्पादन किया जा चुका है। निष्पादित क्षेत्र में

- कलेक्टर-आयुक्त ने ननि की तैयारियों का किया निरीक्षण

नगर निगम दुर्ग द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया है, जो कि आने वाले वर्षो में ऑक्सीजोन के रूप में विकसित होगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित शेष कचरों के निष्पादन की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार की गई है। जिसके तहत लगभग 1.50 करोड़ रूपये की लागत से ट्रेंचिंग ग्राउंड के कोने पर ट्रॉमेल मशीन स्थापित कर वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन किया जाना प्रस्तावित है।

नगर निगम दुर्ग ने उक्त कार्य हेतु मे. नेकॉफ इंडिया लिमिटेड भोपाल

एजेंसी को कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उक्त एजेंसी को वर्षाऋतु से पूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आदेशित किया गया है। कार्यादेशानुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड में रखे गये कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के पश्चात शहर से उत्पादित कचरों का भी 100 प्रतिशत निष्पादन तत्काल किया जाना संभव हो जायेगा। उक्त यूनिट के लगने से कचरों का निष्पादन नियमित रूप से होगा तथा आस-पास के रहवासियों को वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शहर वासियों से अपील की है, कि नगर निगम वायु प्रदूषण मुक्त कचरे का निष्पादन किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं संबंधित अफसर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा,गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, धर्मेंद्र मिश्रा,करण यादव,पंकज साहू, विकास दमाहे, सोएब अहमद परमेश्वर, पीआईयू कुणाल,राहुल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल हुए शामिल, जागरुकता का दिया संदेश

विश्व जल दिवस के अवसर पर घुघवा में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ पानी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। जल हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है, लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में इसकी भारी कमी है। बढ़ती जनसंख्या, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण स्वच्छ पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है।

- विश्व जल दिवस पर किया गया जागरुक

संयुक्त राष्ट्र ने 1993 में इस दिवस की शुरुआत की थी। हर साल इसे एक नई थीम के साथ मनाया जाता है, जो जल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। इस अवसर पर वाटर एड एवम ग्राम पंचायत घुघवा(क) के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय विश्व जल दिवस मनाया गया। वाटर एड द्वारा लगातार गांव गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्याय कमलेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, राजा पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र साहू, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वेता यादव, कार्यक्रम अधिकारी डालिमलता नाग, सहायक परियोजना अधिकारी अरदीप डीडी जिला पंचायत जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, वाटर एड से जिला समन्वयक सौरभ कुमार, जनपद सदस्य चंद्रिका चित्रसेन देवदास, सरपंच महकाखुर्द अर्चना यादव, आदि उपस्थित थे।

सांसद ने कहा मुहिम मजबूती प्रदान करेगी

सांसद विजय बघेल द्वारा हर गांव में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने की बात, सरकार की ‘हर घर स्वच्छ जल’ मुहिम को और मजबूती प्रदान करेगी। मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य भी दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। अगर इस तरह के प्रयास लगातार जारी रहे और आमजन भी इसमें सक्रिय भागीदारी करें, तो जल संकट की समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है। ‘जल है तो कल है। इस संदेश को हर घर तक पहुंचाना जरूरी है।

इस तरह कर सकते हैं प्रयास

कार्यक्रम में बताया गया कि, जल संरक्षण के लिए सोंकता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, मैजिक पिट का निर्माण कराया जा रहा है। हम सभी को जल बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी-छोटी आदतें अपनाकर हम पानी की बर्बादी को रोक सकते हैं, जैसे नल को खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन करना और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना। यह बहुत ही सराहनीय पहल है! जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है, और ऐसे कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाटर एड इंडिया और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास, जैसे सोंकता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और मैजिक पिट, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

डोमशेड का तेजी से हो रहा निर्माण कार्य

दुर्ग। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत विकास कार्य प्रारंभ हो गया है। चुनावी आचार संहिता के बाद अब विकास कार्य में तेजी आने लगी है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्डवासियों की मांग पर विधानसभा क्षेत्र में डोमशेड की स्वीकृति दिलाये थे। जिसका निर्माण शुरू हो चुका है, कुछ महीनों में ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। वार्ड 21 भगत सिंह स्कूल के सामने मैदान, वार्ड 59 साकेत कॉलोनी में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड आदित्य नगर में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड 18 मानस वाटिका के पास 10 लाख से डोम शेड निर्माण सहित विभिन्न स्थान पर डोमशेड लगेगा। शहर के 8 मुक्तिधामों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। एक साथ दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधाम परिसर पर होने वाले कार्य के लिए विधायक गजेन्द्र यादव के पहल पर शासन से राशि स्वीकृत हुई थी, जिसका निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। शासन से 2.5 करोड़ की स्वीकृति से वार्ड 15 करहीडीह, वार्ड 17 कादम्बरी नगर, वार्ड विद्युत सब स्टेशन के सामने, वार्ड 56 बघेरा, वार्ड 57 उरला, वार्ड 60 रायपुर नाका, वार्ड 11 हरनाबाँधा एवं वार्ड 50 बोरसीभाठा के मुक्तिधाम शामिल है। मुक्तिधाम में बाउंड्रीवॉल, बारिश के सीजन में किचड़ बचने पेवर ब्लॉक, शवदाह गृह शेड रिपेयरिंग, सहित अन्य निर्माण कार्य होंगे।

- विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत कार्य शुरु

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 23 मार्च 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

16 समाज संस्कार युक्त जीवन जीने की सिखाती है कला

16 दिल्लीवार कुर्मी समाज को एकसूत्र में बांधकर समाजहित में करेंगे कामः योगेंद्र


खबर संक्षेप

होली मिलन आज

भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज का होली मिलन समारोह रविवार 23 मार्च को केन्द्रीय कार्यालय वार्ड 51 पं. दीन दयालपुरम नगर खुर्सीपार में आयोजित है। कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरु होगा। समाज के महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि रंग गुलाल और फुलो की होली खेली जाएगी। इसमें समाज के सभी पदाधिकारी कार्याकर्ता पहुंचेगें। समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर नशे पान से दूर रहने का शपथ भी लिया जाएगा।

वाहन चालक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

भिलाई। कोचिंग सेंटर के वाहन चालक के साथ गाली गलौज मारपीट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2) 351(3) के तहत कार्रवाई किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि उमेश कुमार गायकवाड पी डब्ल्यू कोचिंग सेंटर में वाहन चालक है। 21 मार्च की रात सतनाम भवन के सामने, कुंदरापारा में मोहल्ले के अर्जुन बारले, आकाश रात्रे, विक्की बारले और अन्य ने गाली गलौज कर मारपीट किया। युवकों ने चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी, डंडा, पत्थर से मारपीट किया। घटना में सिर, हाथ, पैर में चोट आई है।

कर्मा जंयती 25 को

निकुम। साहू समाज निकुम के तत्वावधान में भक्त मां कर्मा की 1009वीं जंयती 25 मार्च को मां कर्मा भवन निकुम में होगी। जिसमें सुबह 8 बजे कलश यात्रा कर अतिथियों का सम्मान कर भोजन प्रसादी बांटी जायेगी। यह जानकारी ग्रामीण साहू समाज निकुम अध्यक्ष मकसुदन साहू ने दी।

हिन्दू जागरण मंच आज मनाएगा बलिदान दिवस

कुम्हारी। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में युवावस्था में ही भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्रता दिलाने की चाह में 23 मार्च 1931 को फांसी के फंदे पर चढ़ने वाले तीन क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने स्थानीय हिन्दू जागरण मंच द्वारा आज प्रेस क्लब सभागार में 23 मार्च को सुबह 10 बजे बलिदान दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें शहीदों पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई है। अध्यक्षता भूषण साहू सहसंयोजक हिन्दू जागरण मंच छग करेंगे। मुख्य वक्ता प्रमोद तिवारी होंगे।

कांग्रेस के तीन व एमआईसी के दो पार्षदों ने बदला पाला

रिसाली निगम में भाजपा व कांग्रेस 20-20

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम में शनिवार को बड़ा राजनैतिक घटनाक्रम हुआ। कांग्रेस के तीन पार्षद और एमआईसी में शामिल दो निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। पांच पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद कुल 40 पार्षदों में भाजपा और कांग्रेस की स्थिति 20-20 हो गई है। मौजूदाहालात के बाद यहां अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी चर्चा जोरों पर है। इसलिए कि एमआईसी से बाहर किए हुए कांग्रेस पार्षद भी इस खेल में शामिल हो सकते हैं।

भाजपा प्रवेश के दौरान विधायक ललित चंद्राकर के साथ पार्षदगण

इस तरह है शहर सरकार की स्थिति

कांग्रेस की सरकार बनी तो कुल 40 वार्ड में कांग्रेस के 21 पार्षद जीतकर आए थे। भाजपा के 12 पार्षद जीते और 7 निर्दलीय पार्षद चुनकर आए। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो छह निर्दलीय पार्षदों ने भी कांग्रेस को समर्थन दे दिया। समर्थित पार्षद मिलाकर कांग्रेस खेमें में कुल 27 पार्षदों से शहर सरकार चल रही थी। भाजपा सरकार बनने के बाद दो निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। अब शनिवार को पांच पार्षदों के भाजपा प्रवेश के बाद दोनों की पार्टी में बराबर की स्थिति बन गई है। कांग्रेस के 20 और भाजपा खेमे में 20 पार्षद हो गए हैं।

अविश्वास प्रस्ताव के लिए चाहिए 26 पार्षद

रिसाली निगम में राजनैतिक घटनाक्रम तेजी से बदला है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद वार्डों में विकास कार्य ठप सा हो गया है। कांग्रेस, निर्दलीय या फिर भाजपा पार्षद,सभी विकास के लिए मुंह तांक रहे हैं। रिसाली निगम में चुनाव के लिए लगभग दो साल बाकी है। पिछले एक साल से यहां विकास का बांट जोहते बीत गए। पार्षदों के मुताबिक आगामी चुनाव में वार्ड की जनता को संतुष्ट करने के लिए फंड चाहिए। प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसलिए फंड लाने के लिए बदलाव जरूरी है। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए कुल 26 पार्षदों का बहुमत दिखाना जरूरी है। उसके बाद महापौर व सभापति पद के लिए कुल 21 पार्षदों का मत चाहिए। वहीं सत्ता हासिल कर सकेगा।

इन पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निवास पर इन पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की मौजूदगी में पार्षदों ने भाजपा की रीति.नीति से प्रभावित होने की बात कही। सदस्यता लेने वालों पार्षदों में मरोदा पुरैना मंडल के वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद सरिता देवांगन, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद ईश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद व एमआईसी सदस्य परमेश्वर कुमार, वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद व एमआईसी सदस्य चंद्रप्रकाश निगम सिंह और रिसाली मंडल से वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद सरिका प्रेम साहू शामिल हैं। चंद्रप्रकाश सिंह राजस्व विभाग के प्रभारी भी हैं।

एक्सपर्ट व्यू

रिसाली निगम में चुनाव पुराने नियम के हिसाब से महापौर चुनी गई है। चूंकि पार्षदों ने महापौर चुना है इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाकर पार्षद उन्हे पद से हटा सकते हैं। जब चुनाव होंगे तो वर्तमान में राज्य सरकार ने महापौर पद के लिए सीधे वोटिंग का नियम बनाया है वह लागू हो जाएगा। अभी नहीं।

- राजेन्द्र अरोरा
पूर्व सभापति भिलाई निगम

हर पार्षद को संतुष्ट करने की कोशिश

मेरी कोशिश रही है कि हर पार्षद संतुष्ट रहे। उस हिसाब से मैंने वार्डों में विकास कार्य के लिए फंड जारी किए हैं। भाजपा की सरकार आने के बाद फंड की दिक्कत है। जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं वे ही बता सकते हैं कि क्या वजह है।अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष का मुद्दा है। मैं अपने आलाकमान के आदेश का पालन करूंगी।

- शशि सिन्हा
महापौर रिसाली निगम

भाजपा की रीति-नीति का प्रभाव

प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सभी वर्ग के कल्याण व विकास के लिए कार्य हो रहे हैं। जिसकी वजह से लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। रिसाली निगम के पार्षद व एमआईसी सदस्यों ने भाजपा प्रवेश किया उनका स्वागत और अभिनंदन है।

- ललित चंद्राकर
विधायक दुर्ग ग्रामीण

अतिरिक्त कोच और ट्रेन का ठहराव

भिलाई। रेल यात्रियों के सुविधा के लिए कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेन 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से होगी। ट्रेन 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में 21 से 25 मार्च तक, ट्रेन 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 22 से 26 मार्च को उपलब्ध रहेगी। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन किया गया है। मेला 30 मार्च से 12 अप्रैल तक चलेगा। मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों का अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की है। ट्रेन 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव 2 से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया है। ट्रेन 18202 नौतनवा -दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव 30 मार्च से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया ।

बीएसपी डीजीएम के मकान में लगी आग, बुजुर्ग की जलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी डीजीएम के मकान में आगजनी के घटने से एक वृद्ध की जिंदा जलने से मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। भिलाई नगर

- आगजनी का कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने बताया कि सड़क 3 क्वाटर 3 बी सेक्टर 9 निवासी डीजीएम अनिमेश तिवारी के मकान में शुक्रवार को रात अचानक आग लग गई। आगजनी में डीजीएम के पिता उमेश नारायण 92 वर्ष के सोते समय जिंदा जल गए। जिससे उसकी मौत हो गई। वृद्ध एक दिन पहले ही अस्पताल से छुट्टी होकर घर पहुंचे थे। आगजनी की जानकारी लगने पर डीजीएम ने रात करीब 2.25 मिनट पर अग्निशमन विभाग को फोन कर बंगले में आगजनी की सूचना दी। मौके पर दमकल की टीम तुरंत पहुंची। केवल उसी कमरे में आग लगी थी जहां वृद्ध उमेश नारायण सोए हुए थे। जानकारी के मुताबिक डीजीएम

ग्रिल तोड़कर परिवार के पास पहुंची टीम

जानकारी के मुताबिक आग की सूचना पर डायल 112 की टीम ने ग्रिल तोड़कर अनिमेश और उनके परिवार को पीछे के कमरे से बाहर निकाला। जब तक सामने कमरे की आग बुझाई गई, तब तक कमरे के सभी सामान खाक हो गए थे। वृद्ध का शव भी जलने से बिस्तर में चिपक गया। दमकल कर्मियों ने शव को एक चादर में लपेटकर बाहर निकाला। पीएम के लिए सेक्टर-9 अस्पताल भेजा गया। आगजनी का कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।पुलिस जांच के बाद भी स्पष्ट कारण सामने आ पाएगा।

अनिमेश तिवारी अपने मकान में अपनी पत्नी, बेटी और बीमार पिता के साथ रहते हैं। शुक्रवार को अनिमेश और उनकी पत्नी-बेटी पीछे के कमरे में सोए थे। उनके पिता को सामने के कमरे में सुलाया गया था। बंगले के पीछे रहने वाली उनकी नौकरानी ने उन्हें आग लगने की जानकारी डीजीएम को दी थी।

मामले की जांच जारी

डीजीएम के घर पर आगजनी की घटना में उनके पिता की मौत हुई है। आगजनी के वजह की जांच हो रही है। सभी पहलुओं पर गहन विवेचना जारी है।

-प्रशांत मिश्रा,
टीआई भिलाई नगर



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

15 बीएसपी के सेवानिवृत्त ...

लाइव इवेंट

जनता की सुविधा के लिए नई सड़क, लंबे समय से की जा रही थी मांग

भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 16 की जनता शिवपुरी से हथखोज जाने वाली सड़क की मांग दस सालों से करती रही। वार्ड पार्षद चुम्मन वर्मा ने अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा से समस्या को रखा। विधायक ने गंभीरता से लेते हुए सड़क के लिए हामी भर दी। जिसके बाद सड़क के लिए भूमिपूजन किया गया। पार्षद चुम्मन वर्मा ने बताया कि कच्ची सड़क से सुरडुंग, खेदामारा,खेरधा,नारधा,करंजा भिलाई,बासीन व आसपास के गांवों से प्रतिदिन 10 से 12 हजार से भी अधिक लोग गुजरते है। प्रतिदिन के आवागमन से उड़ने वाले धूल से आसपास के रहवासियों और राहगीरों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता था। बरसात के दिनों में लोग यहां हादसों का शिकार भी हुआ करते थे। महिलाओं को यहां चलना काफी मुश्किल हुआ करता है। अब सड़क का निर्माण होने से जनता है सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू रेखराम बंछोर, खम्मन ठाकुर ,सीमा यादव ,रामदुलार साहू सरोजनी चंद्राकर,रामप्यारी वर्मा हेमंत देवांगन समेत शिव जंघेल मिथलेश साहू , सविता यदु, पूर्णिमा साहू, दशरा यदु, मनीषा साहू, रानी निषाद आदि मौजूद थे।

जताया विधायक का आभार

पार्षद चुम्मन वर्मा ने विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस कच्ची सड़क से लोग गुजरते थे। काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क के लिए भूमिपूजन होने से लोगों को इसके निर्माण के बाद काफी सहुलियत होगी।

सिटी इवेंट

प्रो सॉफ्टबाल क्रिकेटः क्वार्टर फाइनल में मिल जोन बी विजेता, आज भी खेले जाएंगे मैच

भिलाई। बीएसपी इंटर जोन प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में किया जा रहा है। शनिवार को पहला मैच स्टील जोन (बी) और मिल जोन (डीसी) के बीच हुआ। स्टील जोन(बी) ने यह मैच 36 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच श्वेत मिश्रा रहे। दूसरा मैच सीआईएसएफ और मील जॉन(एस) के बीच खेला गया। मिल जॉन(एस) ने 12 रन से मैच जीता। मैन ऑफ़ द मैच महेंद्र रहे। तीसरा मैच सर्विसेज(जी) और आयरन जोन (ए) के बीच खेला गया।सर्विसेज(जी) ने 44 रन से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच मिर्जा बेग रहे। चौथा मैच आयरन जोन (ए)और सर्विसेज (आर) के बीच हुआ, सर्विसेज (आर) ने मैच नौ विकेट से जीता। मैन ऑफ़ द मैच लक्ष्मी रहे। क्वार्टर फाइनल मैच सीआईएसएफ और मिल जोन (बी) के बीच हुआ। मिल जोन(बी) ने आठ विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच एस महेश रहे। मैच के अंपायर विवेक सिंघम, वीरेंद्र, कुलदीप मीणा, भानु एवं विकास मेहरा, स्कोरर विनोद देवघरे, गौरव एवं विक्की सोनकर रहे।

सिटी इवेंट

ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक आज, नए पदाधिकारियों पर होगी चर्चा

भिलाई। ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक 23 मार्च रविवार को शाम 5 बजे शर्मा आरटीओ, इंश्योरेंस व पासपोर्ट एडवाइजर ऑफिस सांई मंदिर रोड सेक्टर 6 में आयोजित है। ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की इस बैठक में कार्यकारिणी गठित करने व समाज के विस्तार हेतु नवीन सदस्यों की संख्या बढ़ाने चर्चा की जाएगी। ब्रम्ह भट्ट ब्राह्मण समाज का मंत्रालय में नवीन पंजीकरण होने पर समाज के लिए आगामी 3 वर्ष के क्रियाकलापों के लिए एक निर्धारित व निश्चिंत मापदण्ड व नियमों के अनुकूल ही समाज का संचालन, सदस्यों की संख्या बढ़ाना, सामाजिक उत्थान, उत्तरदायित्व व देश, राज्य व जिले के समस्त सामाजिक सदस्यों की भूमिका उनको दिए जाने वाले दायित्वों व समाज में उनकी भूमिका, कर्तव्यों पर चर्चा की जावेगी, दायित्व, कार्यभार सौंपा जाएगा। विशेषकर महिलाओं, स्त्रियों, बालिकाओं की अधिक से अधिक समाज में सहभागिता, दायित्व का कार्यक्रम, कार्यभार सौंपा जाना व वृहद स्तर पर प्रादेशिक, राष्ट्रीय व जिले के स्तर पर सामाजिक मिलन व वर-वधू के लिए उचित, सुयोग्य व चिरस्थाई विवाह संबंध के विषयों पर चर्चा होगी। समाज के उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बैठक में शामिल होवें।

बालकनाथ मंदिर में उत्सवः खुर्सीपार सेक्टर-11 में बालकनात महायज्ञ का 61वां वर्ष, आज भव्य आयोजन

दूध, दही, घी, शक्कर और ताजे फल के रस से बने पंचामृत से बालकनाथ का अभिषेक, देर शाम 40 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसाद तैयार करना शुरू

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ महायज्ञ, पूजन और अनुष्ठान का चार दिवसीय आयोजन शुरू हो चुका है। शनिवार को आयोजन का दूसरा दिन रहा। सुबह करीब 9 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। दूध, दही, पंचामृत, फलों के रस से तैयार पंचामृत से बाबा बालकनाथ का अभिषेक किया गया। अभिषेक का यह क्रम दोपहर 1 बजे तक चला। इसके बाद मुख्य झंडे को बदला गया। दोपहर के समय भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद 23 मार्च को दोपहर 12.10 बजे शुरू होने वाले विशाल भंडारे के लिए प्रसाद तैयार करना शुरू किया गया। आयोजकों के मुताबिक करीब 40 हजार भक्तों के लिए प्रसाद तैयार किया जा रहा है।

भिलाई। आयोजकों में कांतिलाल शर्मा, प्रशांत अग्रवाल, संजय ओझा ने बताया कि बाबा बालकनाथ महायज्ञ का यह 61वां वर्ष है। प्रतिवर्ष इसकी प्रसिद्धि बढ़ते जा रही है। 23 मार्च को सुबह 9 बजे महायज्ञ शुरू होगा। मंदिर के पुजारी की सारे अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। महायज्ञ में विधि-विधान से मंत्रोच्चार, हवन-पूजन होगा। दोपहर 12.10 बजे से भंडारा शुरू होगा, जिसमें 40 हजार से ज्यादा लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। पूरे दिन भंडारा का आयोजन होगा। शाम के समय भजन का कार्यक्रम होगा। पूरे मंदिर परिसर में जय बाबेरी की गूंज सुनाई देगी। पूरे मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। इस कार्य में पूरे खुर्सीपार क्षेत्र की महिलाएं जुटी हुई हैं। आयोजन में मुख्य रूप से हरगोपाल मस्ताना, विपिन ओझा, अनिल अग्रवाल, पतराम अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल, सुनील अग्रवाल, भवानी शंकर, सुबीर खंडेलवाल सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

आयोजन की पूर्णाहुति और भजन संध्या कल

आयोजन समिति से जुड़े संजय ओझा ने बताया कि 23 मार्च को प्रमुख आयोजन के बाद 24 मार्च को भी कार्यक्रम होगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 24 मार्च को होगी। शाम 4 बजे तक महायज्ञ के सारे अनुष्ठान संपन्न कराएंगे, इसके बाद पूर्णाहुति होगी। इसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम होगा, जिसमें मंदिर समिति के सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। शाम के समय एक छोटा भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन-संध्या में शामिल होने वाले भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है।

प्रज्ञा सेवा समिति के माध्यम से रक्तदान शिविर आज

आयोजन स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रजा सेवा समिति एवं सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर के सहयोग से विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया है। 23 मार्च को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। इसमें 100 से ज्यादा लोगों के रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में कोई भी भक्त पहुंचकर रक्तदान कर सकता है।

सांई मंदिर का 40वां स्थापना दिवस, पूरे दिन पूजा-आरती, दोपहर में भंडारा

सांई मंदिर सेक्टर-6 में भक्तों का लगा रहा तांता

भिलाई। सांई मंदिर सेक्टर-6 का 40 वां स्थापना दिवस समारोह मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह बाबा का रूद्राभिषेक हुआ। दोपहर की आरती के बाद भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया। शाम के समय शिर्डी सांई बाबा संस्थान द्वारा देवब्रत राय समूह के माध्यम से भजन संध्या कार्यक्रम रखा गया। रात 9.15 बजे शेज आरती के साथ कार्यक्रम के समापन हुआ। इस दौरान पूरे दिन अलग-अलग आयोजन किए गए। विधि-विधान से बाबा की पूजा-अर्चना और अन्य संस्कार संपन्न कराए गए। इस अवसर पर अवताल सिंह, श्रीनिवास राव, सुब्रत राय, श्रृष्टि राय, वीणा, राजेश, सत्यब्रत राय, आशुतोष, भूपेंद्र, सांई ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजकों ने बताया कि सांई मंदिर की स्थापना को 40 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर यह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बाबा के प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर में पूरे दिन भक्त पहुंचते रहे। इस दौरान अलग-अलग समितियों ने समधुर भक्ति-संगीत के कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।

ध्वजवाहकों का भव्य सम्मान समारोह आज, श्रीराम जन्मोत्सव समिति करेगा आयोजन

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा लगातार 40वें वर्ष श्रीरामनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन आयोजन की पूर्व समिति द्वारा 23 मार्च को ध्वजवाहकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर-2 बीएसएनएल चौक के समीप गणेश पूजा मंच में संपन्न होगा, जहां विभिन्न प्रखण्डों के अंतर्गत मंदिरों एवं पूजा स्थलों से ध्वज लेकर चलने वाले ध्वजवाहकों को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, एवं रामभक्तों की विशाल उपस्थिति भी इस गरिमामय आयोजन की शोभा बढ़ाएगी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि

समिति ने सदैव भगवान श्रीराम के आदर्शों को समाज तक पहुँचाने के साथ-साथ जनहित में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसी क्रम में, हर वर्ष प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त ध्वजवाहक भगवा ध्वज लहराकर शोभा बढ़ाते हैं। समिति द्वारा इस वर्ष भी इन सभी ध्वजवाहकों का सम्मान किया जा रहा है, जो अपनी श्रद्धा और भक्ति से इस पावन आयोजन को दिव्य स्वरूप प्रदान करते हैं।

कल्याण कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार और हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने किया अवलोकन

कॉलेज के स्टूडेंट्स ने देखी विधानसभा सत्र की कार्रवाई, बहस और गहमागहमी के बीच स्पीकर से जाना उनके अधिकार

कार्नर न्यूज

भिलाई। शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और हिंदी विभाग से जुड़े बच्चों ने व्यवस्थापिका के विधायी कार्य को देखा और समझा भी।

राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े लोकतांत्रिक पंचायत में शून्यकाल से लेकर प्रश्नकाल की कार्यवाही के दौरान विद्यार्थी सदन के अंदर ही रहे। सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के बीच हुई जबरदस्त गहमागहमी के साथ मंत्रियों की चौतरफा घेरेबंदी को भी बच्चों ने देखा, जो विद्यार्थियों के लिए एकदम नया अनुभव रहा। इसके बाद विधानसभा के अधिकारियों ने कल्याण महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया। लाइब्रेरी से लेकर सदन, आसंदी, कॉन्फ्रेंस हॉल की महत्ता बताई गई। नवा रायपुर में निर्माणाधीन नए विधानसभा परिसर के मॉडल से बच्चों को अवगत कराया गया। वहां मौजूद अत्याधुनिक सुविधाओं की बच्चों को जानकारी दी गई।

विधायिका के अधिकारों को समझा, एमएलए से भी मिले

बच्चों द्वारा पूछे जा रहे सवालों का अधिकारी लगातार जवाब देते हैं। विधानसभा देखकर विद्यार्थी काफी उत्साहित रहे। साथ ही बच्चों ने अगले सत्र में पुनः विधानसभा की कार्यवाही देखने की इच्छा जताई। विद्यार्थियों ने कहा कि यहां हम घूमने के मकसद से आए थे, लेकिन निकलने के बाद समझ आया कि घूमने से कही ज्यादा हमें सीखने, जानने और विधायी व्यवस्था को आसानी से समझने का सुअवसर मिला। इस दौरान छात्रों ने विधायकों से भी मुलाकात की। उन्होंने उनके अधिकार और सदन की कार्रवाई के बारे में पूछा।

डिप्टी सीएम, विस अध्यक्ष से ली संवैधानिक जानकारी

इसके बाद कल्याण कॉलेज के विद्यार्थी से विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह बच्चों से मिलने गए। फोटो खिंचवाई और कहा कि कल्याण कॉलेज का काफी नाम है। दुर्ग-भिलाई के बच्चों का विभिन्न क्षेत्र में दबदबा है। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री और दुर्ग के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कल्याण कॉलेज के बच्चों से संवाद किया। उन्होंने एक-एक बच्चें से पूछा कि नेता कौन बनना चाहता है। वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन ने मौजूद अधिकारियों को बताया कि मैं भी कल्याण कॉलेज का स्टूडेंट हूं। उन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के बच्चों से विषय संबंधी चर्ची की। साथ ही मीडिया जगत में राष्ट्रीय फलक पर हो रहे बदलावों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके बाद बच्चे न्यूज 18 के सीनियर रिपोर्टर आकाश शुक्ला, एनडीटीवी के सीनियर रिपोर्टर निलेश त्रिपाठी, आइएनडी की छत्तीसगढ़ स्टेट एडिटर निधि प्रसाद, सुदर्शन न्यूज के छत्तीसगढ़ ब्यूरो चीफ योगेश मिश्रा, वरिष्ठ टीवी जर्नलिस्ट अंकिता शर्मा, सीजी बॉक्स के एडिटर और वरिष्ठ पत्रकार देवेश तिवारी सहित सुरक्षाधिकारी वरिष्ठ पत्रकारों और भिलाई से ताल्लुक रखने वाले कई अफसरों और जनप्रतिनिधियों से बच्चों ने संवाद किया।

सिटी इवेंट

स्टूडेंट्स से लिए करियर गाइडेंस दी गई रोजगार से जुड़ी जानकारियां

भिलाई। सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबंधा के शिक्षा संकाय में प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ट द्वारा रोजगार शिविर (कैंपस ड्राइव) का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा संकाय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी एवं पूर्व छात्रों ने सहर्ष भाग लिया। प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार के अवसर पूर्ण करने के लिए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में छात्रों में रोजगार के प्रति जागरूकता एवं अपने प्रतिभा का सम्मान प्राप्त होना एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने ऐसे सकरात्मक कार्यक्रम भविष्य में भी कराए जाने की उम्मीद करते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि छात्रों को रोजगार मिलना उनके जीवन के लिए एक अच्छी शुरुआत है, जिससे वे एक सम्मान से एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं। अकादमिक डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने कहा कि हमारी विशिष्टताएं हमें एक दूसरे से जुड़ने में मदद करती है, जो भविष्य में हमे रोजगार के रूप में प्राप्त होती है। समन्वयक डॉ. सुनीता क्षत्रिय ने सम्पूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी पर हर्ष व्यक्त किया। शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. शीजा थॉमस ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रकोष्ट के विभागीय समन्वयक डॉ. कन्हैया पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

- शिक्षा संकाय में रोजगार शिविर का आयोजन, अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हुए शामिल

समाज इवेंट

25 को कर्मा जयंती, नगर भ्रमण को निकलेगी रैली, बैठक में लिया निर्णय

भिलाई। साहू मित्र सभा की आवश्यक बैठक गत दिनों हुई। बैठक में 25 मार्च मंगलवार को पाप मोचनी एकादशी कर्मा जयंती के शुभ अवसर अनेक कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर 23 मार्च रविवार को सुबह 9 बजे कर्मा चौक चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने से बाइक एवं कर रैली निकाली जाएगी। कृष्ण-कर्मा मंदिर सुपेला में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर में कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन कोहका एवं खुर्सीपार इकाई में किया जाएगा। शाम 6 बजे से साहू मित्र सभा द्वारा कर्मा चौक सुपेला में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 28 मार्च को सेक्टर 6 इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं कर्मा जयंती का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च रविवार को साहू मित्र सभा द्वारा कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित होगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि होंगे। अन्य अतिथियों में सांसद विजय बघेल, टहल सिंह साहू, विधायक रिकेश सेन, हरिद्वारिका साहू, महापौर नीरज पाल, रमेश साहू, दीपक ताराचंद साहू, गिरवर बंटी साहू, श्रद्धा पुरेन्द्र साहू, विजय साहू, तुलसी साहू, एमके साहू, तोरण लाल अटल सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

- साहू मित्र सभा का आयोजन

लाइव इवेंट

सेवा-सुरक्षा-संस्कार के भाव को लेकर 151 हेलमेट का वितरण

दुर्ग। बजरंग दल एवं हिन्दू समाज के सहयोग से पटेल चौक दुर्ग में यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। मुख्य रूप से आरएसएस जिला संघचालक गंगाधर जाधव एवं जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के हाथों से बजरंगी भाइयों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का अपने परिवारजन के प्रति दायित्व को बताया गया। सुखनंदन राठौर ने कहा कि हमारे पास 1-2 साल तक ही उपयोग होने वाला मोबाइल होता है, जिसको हम कवर एवं गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा करते हैं, तो हमारा जीवन तो अमूल्य है। उसकी सुरक्षा के लिए हमको हमेशा तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि छोटी सी चूक हमारे परिवार के सुख शांति को बिगाड़ देगा। इसलिए हमेशा सुरक्षित चले। विहिप विभाग मंत्री अनिल गुर्जर ने कहा कि बजरंगी समाज पर हमेशा शस्त्रों के लिए गौरक्षा एवं हिन्दू समाज पर धर्मांतरण रोकने, लव जिहाद रोकने के लिए जाना जाता है। समाज पर बजरंग दल ने 151 हेलमेट वितरण कर समाज को यातायात जागरूकता की ओर एक कदम बढ़ाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संघचालक गंगाधर जाधव, नगर कार्यवाह महेश यादव, सह कार्यवाह अंजत ताम्रकार, संजय साहू, प्रशांत साहू, आशुतोष सिंह, डोमेन्द्र सोनकर, करतार सिंग, विहिप प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, जिला सह संयोजक खेमलाल सेन, विहिप दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक मिलाप निषाद आदि मौजूद थे।

फरवरी माह के सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को समारोह में दी गई विदाई

बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान कर्मियों ने संयंत्र में गुजारे अपने समय को किया याद

भिलाई। बीएसपी एम्पलाइज को ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। फरवरी में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया। अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा करते हुए सोसाइटी से जुड़े रहने की इच्छा जताई। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पूरन देवांगन ने कहा वरिष्ठ साथियों का मार्गदर्शन हमारी सोसाइटी के लिए हमेशा हितकारी होगा। आयोजन में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इस दौरान ज्यादातर सदस्य भावुक हो गए थे। सिंटर प्लांट-2 से सेवानिवृत्त घनश्याम सिंह ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शेष जिंदगी हंसी खुशी और आस्था से गुजरे, बस यही कामना है। ईबी एंड एसआई विभाग से सेवानिवृत्त प्रवीण राय ने कहा कि ज्वाइनिंग के तुरंत बाद उन्होंने सोसाइटी की सदस्यता ले ली थी और यहां का काम बहुत ही पारदर्शी तरीके और ईमानदारी से होता है।

संस्थान का विषय परिस्थितियों में भी लगातार मिलता रहा सहयोग

फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से सेवानिवृत्त लक्ष्मण सिंह चंद्रवंशी ने अपने सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि सेक्टर-4 सोसायटी ने विषम परिस्थितियों में हमेशा सहयोग किया,जिसे वह कभी नहीं भूल पाए। इंजीनियरिंग ड्राइंग एंड डिजाइन विभाग से सेवानिवृत्त ईश्वर दयाल चंद्राकर ने कहा- यहां ऋण लेने लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा और लेनदेन हमेशा पारदर्शीपूर्ण रहा। इस दौरान उन्होंने मोहम्मद रफी का बेहतरीन नगमा सुनाकर आयोजन को खुशनुमा कर दिया दिया। मर्चेंट मिल के वी सुरेश राव ने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी नंबर वन है। यहां से पूरे सेवाकाल में मिला सहयोग कभी भूल नहीं सकते।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कार्यक्रम के रखे अपने विचार

अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों में जनस्वास्थ्य विभाग से एके बंजारा, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से हेमलाल धलेंद्र, विजय कुमार, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गेनाइजेशन से अब्दुल कलाम सिद्दीकी, विष्णु राम साहू,ब्लास्ट फर्नेस से टेपचंद माहेश्वरी, बृजेश कुमार पांडेय,.कन्हैयालाल ठाकुर, ऊर्जा प्रबंधन विभाग से हरि शंकर, इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप से जी सी महेश्वर, सिंटर प्लांट-3 से दुलार सिंह निर्मलकर, प्लेट मिल से टीकाराम ठाकुर, मेडिकल से रतन लाल नेताम, रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग से लालजी ढीमर लाल और मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग विभाग से जागेश्वर प्रसाद ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन, पुराने गीतों ने समां बांधा

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशि भूषण ठाकुर ने और आभार प्रदर्शन वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पुराने गीतों ने समां बांधा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पुराने सदाबहार गीत गाए। कार्यक्रम के दौरान गाए गीतों ने प्रशंसा भी बंटोरी। मौजूद लोगों ने उनका उत्साहवर्धन भी किया।

राधा-कृष्ण मंदिर नेहरूनगर में चैतन्य मीरा का प्रवचन

सभी के जीवन में चल रही महाभारत, इसलिए गीता पढ़ना जरूरी, आज होगा समापन

भिलाई। सम्पूर्ण महाभारत का सार भागवत गीता में है। इसके 700 श्लोक में जीवन की सभी समस्याओं का हल है। इसलिए शांत मन से एकाग्रचित्त होकर इसका अध्ययन करना चाहिए। लगभग 5000 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अपने प्रिय सखा अर्जुन को इसी गीता का उपदेश दिया था। आज हम सभी के जीवन में कोई न कोई महाभारत चल रहा है। गीता का ज्ञान इन समस्याओं की गुत्थी को सुलझा सकता है। उक्त बातें चैतन्य मीरा ने नेहरू नगर के राधाकृष्ण मंदिर में कहीं। रोटरी क्लब ऑफ भिलाई जीनियस और अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर-6 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस गीता ज्ञान रसधारा का रसास्वादन करने समाज के प्रमुख विजय गुप्ता, शिक्षाविद संजय रूंगटा, बंशी अग्रवाल, हाइटेक के संचालक मनोज अग्रवाल, आयोजन के सूत्रधार अनूप बंसल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

चैतन्य मीरा ने कहा कि महाभारत का युद्ध धर्म क्षेत्र और कुरुक्षेत्र में लड़ा गया। यह ऋषियों की पुण्यभूमि थी, जहां सहस्त्रों ऋषियों ने तपस्या की थी। इस धर्मयुद्ध में जिसकी भी मृत्यु होती वह पावन धरती पर होती। महाभारत हम सभी के जीवन में किसी न किसी रूप में उपस्थित है। हमारी पांच ज्ञानेन्द्रियां हमें भटकाती हैं, जबकि शरीर के सात चक्र हमें स्थिरता देते हैं। यहां से हमें ऊर्जा मिलती है। सही संतुलन हमारे जीवन को बेहतर बनाती हैं। चैतन्य मीरा ने कहा कि गीता के ज्ञान में कौन कितना गहरा उतरेगा, यह इसपर निर्भर करता है कि वह कितनी तन्मयता और एकाग्रता से इसमें उतरना चाहता है।

युवा पढ़ने के लिए विदेशों की ओर भाग रहे, जबकि गीता में सब कुछ

उन्होंने कहा कि ज्ञान उतना ही मिलता है जितनी जिज्ञासा होती है। आज हमारे युवा प्रबंधन पढ़ने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया की दौड़ लगा रहे हैं। 50-50 लाख रुपए तक खर्च कर रहे हैं। जबकि प्रबंधन के ये सर्वोच्च संस्थान गीता के ज्ञान से ही प्रबंधन के गुर सीख रहे हैं। भागवत गीता में समय, संसाधन एवं मानव संसाधन के प्रबंधन के सभी सूत्र समाए हुए हैं। आज के तनाव ग्रस्त जीवन का उल्लेख करते हुए वे कहती हैं कि आज प्रत्येक व्यक्ति उत्कंठा, उद्विग्नता और तनाव को पाले हुए है। इसी से एसिडिटी, ब्लड प्रेशर, एंक्जाइटी, लार के सूखने और नर्वस ब्रेकडाउन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। चैतन्य मीरा भिलाई के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। रविवार को भी श्रीराधाकृष्ण मंदिर में दोपहर साढ़े तीन बजे से गीता ज्ञान रसधारा का प्रवाह होगा।

आशीर्वाद भवन जवाहर नगर में बैठक

उत्तर उपसमिति के पदाधिकारियों का चुनाव आज,दोपहर बाद घोषणा

दुर्ग। उत्तर उप समिति का त्रिवार्षिक चुनाव 23 मार्च रविवार को आशीर्वाद भवन जवाहर नगर दुर्ग में होगा। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न होगा। इसके बाद मतगणना होगी। भवन बचाओ पैनल का गुलाब छाप चिन्ह है। अध्यक्ष कौशल सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, सचिव देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह, उपसचिव भूपेंद्र सिंह सेंगर, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य लोकेश्वर सिंह ठाकुर ननकटठी, केंद्रीय निर्णायक रामकुमार सिंह, युवा अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत कार्यकारिणी सदस्य हेम सिंह राजपूत, धनराज सिंह ठाकुर, अरुण सिंह राजपूत, चुनाव मैदान में हैं।

गौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन आज

भिलाई। हर साल की तरह इस साल भी भिलाई में गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन समारोह फाग के गीतो की मधुर धुन, भजन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार 23 मार्च को सेक्टर-2 स्थित अय्यपा मंदिर के सामुदायिक भवन में आयोजित है। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम की पूजा अर्चना होगी। उसके बाद सामाजिक परिचर्चा के साथ होली मिलन कार्यक्रम होगा। इसके तत्पश्चात प्रसादी की व्यवस्था की गई है। जिसमें भिलाई सहित दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, भाटापारा जिले के सभी गौड़ ब्राह्मण समाज के समाजिक बंधु शामिल होंगे। अध्यक्ष विजय शर्मा ने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, ताकि सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे को और मजबूत किया जा सके। यह आयोजन समाज को एक नई पहचान देने के साथ ही सशक्त और संगठित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। आयोजन समिति ने सभी सक्रिय सदस्यों और समाज के लोगों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान दें। यह जानकारी गौड़ ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने दी।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के सहयोग से महिलाओं ने शुरू किया स्वरोजगार

अरपा ने खोला बर्तन बैंक, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने प्रयास, पर्यावरण प्रदूषण से भी मिलेगी मुक्ति

कार्नर न्यूज

भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने स्वरोजगार शुरू किया है। उन्होंने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर अरपा स्व सहायता समूह को स्टील के बर्तन उपलब्ध कराया गया है। आजीविका मिशन कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनुप साहू व राजू जंघेल ने समूह को बर्तन सौंपा। इन बर्तनों को महिला समूह शादी, ब्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में किराए पर दे सकेंगी और रोजगार अर्जित कर सकेंगे। वर्तमान समय में शादी-ब्याह और अन्य कार्यक्रमों में सिंगर यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल प्लेट, गिलास से लेकर अन्य सामानों का उपयोग हो रहा है। इससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए बर्तन बैंक शुरू किया गया है। साथ ही लोगों को इसे लेकर जागरूक भी किया जा रहा

सिंगल यूज प्लास्टिक पर पहले ही लगाया जा चुका प्रतिबंध

बता दें कि वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह बर्तनों का निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदानी होगी। बर्तन सौंपते समय सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद विशेष रूप से उपस्थित थे।

संकल्प भी ले रही महिलाएं, महिला समूहों को किया जा रहा प्रोत्साहित

इस अवसर पर अरपा महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों ने संकल्प ली कि विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामानों का उपयोग नहीं करेंगी। वहीं आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराए बर्तनों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित भी करेंगी। बता दें कि शासन स्तर पर महिला समूहों को जोड़कर यह अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए महिलाओं को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। जिले में अब तक 600 से ज्यादा बर्तन बैंक तैयार किए जा चुके हैं, जिसके माध्यम से प्लास्टिक के उपकरणों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

राष्ट्रव्यापी साक्षरता परीक्षा में 5500 से अधिक शिक्षार्थी आज होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸पाटन

विकासखंड साक्षरता प्राधिकरण मिशन पाटन के तत्वावधान में विकासखंड के 171 केन्द्रों में 5500 से अधिक नवसाक्षर 23 मार्च को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया हैं। सुबह 10 से शाम 5 तक अभ्यर्थी अपने सुविधा के अनुसार समीप के किसी भी परीक्षा केंद्र में शामिल हो सकते हैं। इस महापरीक्षा में पढ़ने, लिखने और अंकगणित के क्रमशः 50-50 अंक के कुल 150 अंक के परीक्षा होंगे। सफल अभ्यर्थियों को राज्य साक्षरता प्राधिकरण के माध्यम से साक्षरता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। यह प्रमाण पत्र राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के द्वारा जारी होगा। प्रदीप महिलांगे विकासखंड साक्षरता नोडल पाटन के अनुसार जिला कार्यालय से प्राप्त प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका का वितरण प्रत्येक परीक्षा केंद्र में किया जा चुका है। सभी केंद्रों के लिए केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक सह मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति की जा चुकी है।

2022 से 2027 तक साक्षर बनाने का रखा गया है लक्ष्य

विकासखंड साक्षरता पाटन सहायक नोडल कमल देवांगन ने बताया कि स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से सभी नवसाक्षरों को आमंत्रण कार्ड भेजा जा रहा है। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत 10 असाक्षरों को अध्यापन एवं परीक्षा में शामिल करने पर, स्वयंसेवी शिक्षक जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा दी है। उन्हें 10 अंकों का बोनस दिए जाने का प्रावधान माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा किया गया है। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान सीखना है। भारत सरकार का उद्देश्य 2022 से 2027 तक भारत के जन-जन को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा एवं सतत विकास है।

नवसाक्षर को आमंत्रण कार्ड देकर परीक्षा में आने का दिया न्योता

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा के लिए सभी को मिली जिम्मेदारी

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा के लिए ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके तहत एसडीएम पाटन के द्वारा सभी कोटवारों को ग्राम में मुनियादी करने, सीईओ पाटन के द्वारा सभी रोजगार सहायक एवं सचिवों को तथा परियोजना अधिकारी पाटन के द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को इस महापरीक्षा में सहयोग के लिए आदेशित किया गया है। ग्राम पंचायत सिकोला एवं बठेना विख पाटन में मनरेगा कार्य में लगे लोगों राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में अधिक से अधिक शामिल होने का आव्हान किया गया। उपस्थित सभी लोगों को उल्लास साक्षरता, जल शक्ति दिवस शपथ दिलाया गया। जिसमें गीतेश्वरी सपहा ग्राम पंचायत सिकोला, ग्राम के पंच, सहायक नोडल साक्षरता कमल देवांगन, रोजगार सहायक भूषण कुमार आदि।

खबर संक्षेप

भिलाई। होटेल इम्पीरियन भिलाई में यूपी-बिहार के मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रवक्ता संदीप श्रीवास्तव का चौहान ग्रुप के अजय चौहान ने स्वागत अभिनंदन किया।

इमलीपारा में 7 दिनी खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

भिलाई। बीएसपी के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव इमलीपारा 7 दिवसीय ग्रामीण खेलकूद कार्यक्रम जीएम शिवरासन के मुख्य आतिथ्य में शुरु हुआ। जीएमअरुण कुमार, डीजीएम शिवेश कुमार, मनीष जायसवाल,प्रवीण कुमार रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं वरिष्ठ प्रबंधक (आईओसी–राजहरा) सुशील कुमार, कुमुड़कट्टा के सरपंच डोमेन्द्र कोर्राम, महामाया खेल समिति के अध्यक्ष सोहित मांडवी तथा कमलकांत नेताम उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

निधन

चंद्रकिशोर साहू

भिलाई। टाटा लाइन कोहका निवासी चंद्रकिशोर साहू (70 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 23 मार्च को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर हेमंत साहू और रमेश साहू के भैया व तारा, तोषीन और मिथलेश साहू के पिता थे।

सुभाष शर्मा

भिलाई। रामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 के वरिष्ठ सदस्य सुभाष शर्मा 68 वर्ष का निधन हो गया है।उनके निज निवास दीपक नगर दुर्ग से शव यात्रा शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए सुबह 10 बजे से निकलेगी।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

सूचना पत्र

क्रमांक 23रा.नि. 2025,
कोहका, दिनांकः 19/03/2025

प्रति,
1. आवेदक श्रीमती निविदिता गुप्ता आ. संतोष गुप्ता निवासी केम्प-1, भिलाई
3. माखनलाल चौहान 5. चौहान

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 4724 रकबा 10005 वर्ग फीट का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 833 दिनांक 18/02/2025 के परिपालन में दिनांक 26/03/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

ग्राम घुघवा में विश्व जल दिवस के अवसर पर शामिल हुए दुर्ग सांसद

जल है तो कल है इस संदेश को सभी घरों तक पहुंचाना है जरूरीः विजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸सेलूद

विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ पानी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। जल हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है, लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में इसकी भारी कमी है। बढ़ती जनसंख्या, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण स्वच्छ पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने 1993 में इस दिवस की शुरुआत की थी। हर साल इसे एक नई थीम के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल द्वारा हर गांव में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार की 'हर घर स्वच्छ जल' मुहिम को और मजबूती प्रदान करेगी। मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य भी दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। अगर इस तरह के प्रयास लगातार जारी रहे और आमजन भी इसमें सक्रिय भागीदारी करें, तो जल संकट की समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है। जल है तो कल है-इस संदेश को हर घर तक पहुंचाना जरूरी है।

जो जल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। इस अवसर पर वाटर एंड एवं ग्राम पंचायत घुघवा (क) के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विश्व जल दिवस मनाया गया। वाटर एंड द्वारा लगातार गांव-गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जल संरक्षण के लिए सोंकता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, मैजिक पिट का निर्माण कराया जा रहा है।

छोटी-छोटी आदतें अपनाकर रोक सकते हैं पानी की बर्बादी

रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी-छोटी आदतें अपनाकर हम पानी की बर्बादी को रोक सकते हैं। जैसे नल को खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन करना और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना। यह बहुत ही सराहनीय पहल है! जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है, और ऐसे कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाटर एड इंडिया और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास, जैसे सोंकता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और मैजिक पिट, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण पर दिया जोर

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्व जल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकम के मुख्य अतिथि सरपंच गीता गजपाल, विशेष अतिथि पंच गायत्री साहू, रेवती चंद्राकर, ममता पारदी थीं। सभी अतिथियों ने जल दिवस पर अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने विश्व जल दिवस पर अपने विचार सांझा किए और जल का बचाने के लिए शपथ ली। सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह ने कहा कि आज जल विश्व व्यापी समस्या बन चुका है। जल का सदुपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही साथ लोगों को पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया। सभी छात्र-छात्राओं को वृद्धा आश्रम पुलगांव दुर्ग का अवलोकन कराया गया।

'कैच दि रैन' अभियान से लोगों को जुड़ने के लिए किया प्रेरित

अंडा। ग्राम पंचायत भोथली में विश्व जल दिवस के अवसर पर शपथ लिया कि 'कैच दि रैन' अभियान को बढ़ावा देने कहा गया। रंगोली और चार्ट पेपर पर जल बचाओ चित्र बनाकर लोगों को जागरूक किया। सरपंच दामिनी साहू, नेमिन खुटेल, पंच ईशू साहू, टेनेन्द्र साहू और प्राथमिक शाला भोथली के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

जैन समाज का 70वां वार्षिक सम्मेलन

समाज संस्कार युक्त जीवन जीने की सिखाती है कला

हरिभूमि न्यूज ▸▸जामगांव आर

नवकार महामंत्र और शांति नाथ भगवान की स्तुति के साथ भखारा राल जैन समाज का 70वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बेलहारी में संपन्न हुआ। जिसमें वार्षिक कार्यविधि के लिए अध्यक्ष यादमल गोलछा एवं कोषाध्यक्ष मनोज नाहर चुने गए। निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने वार्षिक आय-व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया। संपूर्ण दस्तावेज सहित प्रभार कोषाध्यक्ष मनोज नाहर को सौंपे। इस सम्मेलन में 25 वर्ष के युवा से लेकर 80 वर्ष के वरिष्ठ जैन सदस्य शामिल हुए।

सामाजिकजनों ने रखे अपने-अपने विचार

समाज के वरिष्ठ गौतमचंद चौरड़िया भरत नाहर तिलोकचंद ओस्तवाल ललित नाहटा निर्मल राय सोनी ने कहा कि समाज संस्कार युक्त जीवन जीने की कला सिखाती है। धन, पद व ज्ञान से जब कोई संपन्न होता है तब समाज उनका सम्मान कर उन्हें अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है। उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। हौसला बढ़ाती है। समाज जनों ने कहा कि समाज के बिना जीवन अधूरा सा होता है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है समाज आनंद का सागर है।

अनुशासन बनाने शुल्क निर्धारित

सम्मेलन में दुर्ग, रायपुर, धमतरी जिला के जैन समाज अनुयायी सदस्यों ने भाग लिया। जैन समाज ने अनुशासन की शक्ति बरतते हुए निर्धारित समय से विलंब आने पर विलंब शुल्क लेती है और अनुपस्थित रहने पर 500 रुपए निर्धारित कर रखी है। समाज प्रातः स्वल्पाहार और दोपहर का सामूहिक भोज प्रबंध करती है।

कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। सेल–बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा डुल्की माइन्स के समीप कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। ग्रामीणों की सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

परसदा कुम्हारी मार्ग में साइकिल सवार महिला को ट्रक ने रौंदा, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸कुम्हारी

कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 16 परसदा गांव में एक साइकिल सवार महिला प्रियंका साहू पति चन्द्रविजय साहू (30 वर्ष) को एक तेज रफ्तार आयरन से भरे ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, इस दुर्घटना में महिला के कमर के पास गंभीर चोट आई है। बुरी तरह जख्मी हालत में स्थानीय रहवासियों ने उसे एम्स अस्पताल रायपुर पहुंचाया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर गए उन्होंने ट्रक ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी और शासन प्रशासन पुलिस विभाग पर जमकर रोष जताते हुए चक्का जाम कर दिया। घंटों जाम की वजह से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। स्थिति सामान्य करने आनन फानन में नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर छावनी सीएसपी हरीश पाटिल सहित कुम्हारी थाना प्रभारी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ दुर्घटना स्थल पहुंचे और गुस्साए भीड़ को समझाईश देते हुए घायल महिला के परिजनों से बातचीत की गई । ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक घायल महिला परसदा के वार्ड 16 में निवास करती थी एवं वहीं नजदीक स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ स्कूल में काम करने जाती थी। हालांकि कुम्हारी पुलिस द्वारा दुर्घटना की विस्तृत जांच कर उचित कार्यवाही की बात कही गई है। बता दें कि सीजी 07 बीई 5780 नंबर की ट्रक लौह अयस्क आयरन से भरे दल्लीराजहरा से रायपुर की ओर जा रही थी। ग्राम परसदा कुम्हारी में यह दुर्घटना हुई है।

- गुस्साए भीड़ ने ट्रक चालक को पीटा, किया चक्का जाम

कमर का हिस्सा ट्रक में जा फंसा

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी। ट्रक में परिचालक भी नही था । महिला को टक्कर मारने के बाद थोड़ी दूर घसीट कर ले गया। महिला के कमर का हिस्सा ट्रक के पहिये पर दब जाने से गंभीर हो गई। घटना में साइकिल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

सेल–एमटीआई और एसएचआरएम के बीच समझौता

भिलाई। स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मानव संसाधन विकास संस्थान (एमटीआई) और सोसाइटी फार ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए सेल के कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में सेल के निदेशक केके सिंह की उपस्थिति में समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन पर एमटीआई की ओर से कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर तथा सीईओ (एसएचआरएम इंडिया आचल खन्ना ने हस्ताक्षर किया। सेल के ईडी बीएस पोपली, सीजीएम कर्पोरेट कार्यालय/सेल मानस रथ एवं एसएचआरएम इंडिया, एपीएसी और मेना भी उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सेल और एसएचआरएम के बीच नेतृत्व विकास के लिए 'जनएँ बेस्ड प्रोग्राम्स' के माध्यम से सहयोग किया जाएगा।

ईडी ने किया ओए की डायरी का अनावरण

भिलाई। बीएसपी अधिकारियों को डायरी की सुविधा प्रदान करने के लिए आफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डायरी का प्रकाशन किया गया। ओए-बीएसपी ने लगभग 2700 से अधिक डायरी का मुद्रण किया गया है। इसका अनावरण प्रगति भवन के में आयोजित समारोह में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनिता द्विवेदी और सेफी चेयरमेन व बीएसपी-ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर द्वारा किया गया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने इसकी सराहना की। इस अवसर पर महासचिव परविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह अखिलेश मिश्रा, संजय तिवारी, जे पी शर्मा उपस्थित थे।

श्रम कानून संशोधन स्वागतेय, इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम कर सकेंगेः झा

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लाए गए ₹श्रम कानून संशोधन₹ के पारित होने पर एमएसएमई जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष के.के. झा ने हर्ष जताया है। शासन के इस कदम का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा है कि इससे इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम कर सकेंगे। साथ ही श्रमिक और उद्योग दोनों ही खुशहाल होंगे। ज्ञातव्य है कि बजट सत्र में पारित श्रम कानून संशोधन के तहत प्रदेश में अब उद्योगों में होने वाली छोटी-मोटी अनियमितता या घटना पर उद्योगपतियों को कोई सजा नहीं होगी, उन पर केवल जुर्माना लगाया जाएगा। इस संशोधन के तहत उद्योगों में रोजगार बढ़ाने के लिए भी कई बदलाव किए जाएंगे। झा ने कहा कि एमएसएमई उद्योग कैसे आगे बढ़े और उनके सामने जो बाधाएं आ रही हैं शासन ने उन्हें महसूस किया है। इन बाधाओं को कैसे दूर किया जाए इसे लेकर शासन द्वारा लगातार कोई न कोई उपाय किए जा रहे हैं। इसी के तहत विधानसभा के बजट सत्र में जो यह श्रम कानून संशोधन पारित किया गया उससे उद्योग जगत में हर्ष है। झा ने कहा कि इस संशोधन से इंडस्ट्रीज अब भयमुक्त होकर काम कर सकेंगे। इंडस्ट्रीज कभी भी श्रमिकों के खिलाफ काम नहीं करती लेकिन ऐसा माहौल बना दिया जाता है जिससे भय रहता है।इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम करें या फिर काम करवाए, इसे शासन ने गंभीरता से लिया है। सभी तथ्यों का सर्वे करके शासन ने यह संशोधन लाया है। इससे श्रमिक और उद्योग दोनों ही खुशहाल रहेंगे। झा ने शासन से यह मांग भी की कि जहां-जहां ईएसआईसी हॉस्पिटल है वहां पर इलाज की सुविधाएं और बढ़ाई जाएं।

केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव

दिल्लीवार कुर्मी समाज को एकसूत्र में बांधकर समाजहित में करेंगे कामः योगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸अंडा

केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का सामाजिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के पद पर योगेंद्र बेलचंदन एवं केंद्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर प्रीती देशमुख एवं केंद्रीय युवा अध्यक्ष के पद पर हेमंत देशमुख का चयन दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के द्वारा किया गया। जिसमें समाज के अन्य पदों पर भी चुनाव किया गया। जिसमें महासचिव पद के लिए ललित देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख व युवा सचिव प्रदीप देशमुख और पुष्पा पिपरिया महिला सचिव पद के लिए समाज के व्यक्तियों के द्वारा चयन किया गया।

- केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र व महिला अध्यक्ष प्रीती का चयन हुआ

केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव दिल्लीवार कुर्मी समाज के 13 सर्किल एवं 5 नगर इकाई में संपन्न हुआ। दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा सब एक साथ मिलजुल कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर समाज के हित एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

केंद्रीय अध्यक्ष बेलचंदन ने कहा कि दिल्लीवार कुर्मी समाज को एक सूत्र में बांधकर समाज के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। समाज को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। समाज के अंदर में फैली हुई कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का भी प्रयास करेंगे। यह जानकारी गुलशन दिल्लीवार, युवराज देशमुख,रजत दिल्लीवार चिंगरी सर्किल समाज के द्वारा दी।

खबर संक्षेप

सीएमएम में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएमएम विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

श्री सत्पथी ने सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ठेका श्रमिकों से संयंत्र में सुरक्षा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। महाप्रबंधक प्रभारी श्री एस बलराज ने सुरक्षा प्रथम विषय पर अपने विचार साझा किए और दुर्घटना रहित कार्य वातावरण बनाने हेतु शपथ लेने का आग्रह किया। जेपी नायर की टीम द्वारा सुरक्षा नाटक की प्रस्तुति दी गई व सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

भिलाई। बीएसपी राजहरा लौह अयस्क खदान के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग के सहयोग से वन विभाग द्वारा डब्ल्यूबीएम (वाटर बाउंड मैकाडम) सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्राम कलवर में भूमि पूजन किया गया। यह अधोसंरचना परियोजना दल्ली राजहरा लौह अयस्क समूह व कलवर लौह अयस्क खदान के वित्तीय सहयोग से प्रारंभ की गई है। प्रस्तावित सड़क ग्राम कलवर की सीमा से प्रारंभ होकर कलवर माइंस के समीप पल्लमंडी मैदान तक बनाई जाएगी, जिसकी कुल लंबाई 2.50 किलोमीटर होगी। वनमंडलाधिकारी डीपी साहू, अनुविभागीय अधिकारी आईपी गेंद्रे, महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार राय, वरिष्ठ प्रबंधक पीके माझगईया आदि उपस्थित थे।

बिहार-तिहार स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ के विकास में बिहार के लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

जिला भाजपा दुर्ग और भाजपा भिलाई द्वारा इम्पीरियन होटल में शनिवार को बिहार तिहार मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री भाजपा के छग प्रभारी नितीन नवीन थे। कार्यक्रम में यहां निवासरत बिहार के लोगों सहित बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। दोनों नेताओं ने वर्ष 2025 को बिहार के लिए अहम बताते हुए सभी को बिहार स्थापना दिवस की बधाई दी। श्री साय ने कहा है कि बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति बहुत कुछ मिलती जुलती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड राज्य को बनाया। मेरी माता भी अविभाजित बिहार की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का छठ पर्व बिहार छत्तीसगढ़ का भी प्रमुख त्योहार हो गया है। नालंदा विश्वविद्यालय, जिसके कारण हमारा देश विश्व गुरू कहलाया, ऐसा विश्वविद्यालय देने वाला भी बिहार है। महान गणितज्ञ, शून्य के अविष्कारक आर्य भट्ट भी बिहार से थे । छग के योगदान में यहां निवासरत बिहार के लोगों का भी महती योगदान है। सीएम ने भिलाई के बैंकुठधाम में सूर्यकुंड घाट बनाने के लिए विधायक रिकेश सेन की प्रशंसा की। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता ने विश्वास किया है। प्रदेश सरकार का पूर्ण प्रयास है कि मोदी की गारंटी में किए गए वादे को पूरा कर जनता के विश्वास में खरा उतरे। सरकार ने अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, किसानों को धान की कीमत देने की बात हो या 2 साल का बकाया बोनस देने की बात हो। महतारी वंदन की राशि भी दे रहे हैं। 5 लाख से ज्यादा भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रूपए देने का काम कर रहे हैं। रामलला दर्शन योजना अंतर्गत अब तक 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करके आ चुके हैं। श्री साय ने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में आगे भी सभी से सहयोग की अपेक्षा है। मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सभी के सहयोग से साकार करना है। इस अवसर पर सीएम ने सर्वसमाज प्रमुखों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

बैकुंठधाम में सूर्यकांड निर्माण के लिए सीएम ने दी विधायक रिकेश को बधाई

बिहार को नई दिशा मिल रही: नितीन

बिहार प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और बुनियादी ढ़ाचे में महत्वपूर्ण सुधार किये है। इन सुधारों से बिहार को एक नई दिशा मिल रही है और इसे समृद्ध बनाने में राज्य सरकार का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। पूर्व में प्रदेश भाजपा महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बिहार दिवस की प्रस्तावना प्रस्तुत की। मंच पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधायक दयाराम साहू, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, बिहार प्रभारी आशुतोष सिंह, प्रेमलाल साहू,संजय श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, सांवलाराम डाहरे, पूर्व मेयर चंद्रिका चंद्राकर, पार्षद दया सिंह, आदि मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन, बृजेश बिजपुरिया, योगेंद्र सिंह, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा, पार्षद पीयूष मिश्रा, अनिल मिश्रा अन्नू, बुधन सिंह ठाकुर, डां. राधेश्याम वर्माचन्ना केशवलू, आदि मौजूद थे।

छग क्रांति सेना ने बिहार दिवस का किया विरोध

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा पीएम मोदी के आह्वान पर भिलाई में जिला भाजपा दुर्ग व भिलाई भाजपा के तत्वावधान में शनिवार कोआयोजित बिहार दिवस का विरोध किया गया। इस संगठन के कार्यकर्ताओं ने नेहरु नगर चौक पर विरोध प्रदर्शन कर खिलाफ में पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने जारी बयान में कहा कि सीएम को अपने छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति की सुध नहीं है और बाहरी राज्य बिहार का स्थापना दिवस मना रहे हैं। क्रांति सेना ने भाजपा के आयोजन को राजनीतक आयोजन बताते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों को वोट बैंक की राजनीति से दूर रहने की अपील की।

सेवामुक्त किए गए बीएड सहायक शिक्षकों की मुख्यमंत्री से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

- साल भर से भटक रहे 2897 सेवामुक्त बीएड सहायक शिक्षक
- कार्रवाई एक माह के भीतर करने की मांग

सीधी भर्ती 2023 मे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समायोजन की मांग प्रभावितों ने की है। बिहार दिवस कार्यक्रम में भिलाई पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय को हटाए गए सहायक शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपकर समायोजन की गुहार की। सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है।

ज्ञापन में बताया कि हम सभी 2897 बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक के पद पर शासकीय सेवा में चयनित और कार्यरत थे। हाई कोर्ट की याचिका और अवमानना प्रकरण के परिपालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 दिसंबर 2024 से हमारी सेवा समाप्त कर दी गई है। विभाग द्वारा प्रचलित कार्यवाही बाद बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए प्रभावित अभ्यर्थी विभाग के अन्य पदों पर अपने समायोजन किया जाए। सीएम से मांग की गई कि सहायक शिक्षक के रुप में चयनित बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी में से जो 12 वीं विज्ञान/ गणित संकाय में पास हैं उन्हें हाई स्कूल/हायर सेकंडरी शालाओं में सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित किया जाए। क्योंकि सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला का पद व सहायक शिक्षका का पद समान वेतनमान का समकक्ष पद है और इस पद पर नियुक्ति की न्यूनतम अर्हता हायर सेकंडरी गणित/विज्ञान संकाय उत्तीर्ण है। विभाग की कार्यवाही से प्रभावित होने वाले सहायक शिक्षक गणित /विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण हैं। इसके अलावा ऐसे सहायक शिक्षक, जो कला/वाणिज्य संकाय से 12वीं उत्तीर्ण हैं, उन्हें सशर्त सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर हाई स्कूल/ हायर सेकंडरी स्कूल में प्राविधिक रुप से समायोजित किया जा सकता है। समायोजित होने वाले अभ्यर्थी उनके समायोजन तारीख से 3 वर्ष के भीतर 12 वीं विज्ञान/ गणित संकाय से परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग के सामने प्रस्तुत करेंगे। इस प्रकार उपबंध किया जा सकता है।

भविष्य का ध्यान रखते हुए करें इंसाफ

हटाए गए सहायक शिक्षकों को सीएम से मांग की कि कला वाणिज्य /संकाय के अभ्यर्थियों एससीईआरटी द्वारा प्रयोगशाला कार्य के संबंध में 2 माह का विशेष प्रशिक्षण देकर पदस्थापना की जाए। इन पदों पर नियुक्ति के लिए शाला आवंटन शिक्षक भर्ती परीक्षा2023 की मेरिट लिस्ट के अनुसार काउंसिलिंग के आधार पर की जाए। पूर्व में भी इस मामले में आवेदन 7 जनवरी, 28 जनवरी व 27 फरवरी को समिति के सामने पेश किया जा चुका है । इस संबंध में समिति द्वारा अब तक सूचना प्रदान नही की गई है। सेवामुक्त किए गए सहायक शिक्षकों ने गुहार की है कि अंतरविभागीय समिति की कार्यवाही उचित सीमा के भीतर तथा अधिमानतह एक माह में पूर्ण कर निष्कर्ष प्रस्तुत कराएं।

K.H. GROUP OF SCHOOLS

AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI (3330151)

MAIN BRANCH - K.H. MEMORIAL SCHOOL — JAWAHAR NAGAR, BHILAI

K.H. WORLD SCHOOL

JAMUL, BHILAI

K.H. CASTLE

PRE PRIMARY WING,
JAWAHAR NAGAR, BHILAI

BLUE D ADVERTISER - 83550 35503

ADMISSION OPEN

NURSERY to IX & XI

2025-26

OUR AMENITIES

- Smart Classrooms
- Well-Equipped AI Labs And Robotics
- Central and E-Library
- Swimming Classes
- Cricket Ground
- Badminton Court Volleyball Court
- Table Tennis
- Chess Arena
- Transport Facility (Door to Door Bus Service)
- Skating Club
- Basketball Court
- Football Ground
- Fine Arts & Crafts Workshop
- K. H. Castle (Fully AC School)

UPCOMING PROJECT

K.H. C.O.E

(CENTER OF EXCELLENCE)

STATE OF ART INFRASTRUCTURE DEDICATED To AI & ROBOTICS

Google Reviews ★★★★½

K.H Memorial School proud to be rated 4.1 on Google

SCHOOL ACADEMIC ACHIEVEMENTS

- 27 students in IIT's
- 31 students in NIT's
- 15+ students in government and private medical college
- 12 students in IHM and 5 students in CLAT

ONLY 100 SEATS AVAILABLE

HURRY UP NOW

For more information contact us 99813 92164 | contact.khgs@gmail.com | www.khmemorialschool.com